# आईआईए के उद्यमी महासम्मेलन का मुख्यमंत्री करेंगे उद्‌घाटन



महासम्मेलन को लेकर आईआईए के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से की मुलाकात। -संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के नवंबर में होने वाले उद्यमी महासम्मेलन का उद्‌घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला।

महासचिव आलोक अग्रवाल के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने आमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इस दौरान सीएम ने कहा कि यदि एमएसएमई को वैश्विक प्रतिस्पर्धा पर खरा उतरना है तो उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग पर ध्यान देना होगा। इस पर उन्हें बताया गया कि आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आईआईए ने इस वर्ष उद्यमी

## नवंबर में होने वाले सम्मेलन के लिए प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला

## उद्योगों की समस्याएं भी बताईं, उचित कार्रवाई का मिला आश्वासन

महासम्मेलन का विषय ट्रांसफार्मिंग एमएसएमई टुवर्ड्स रखा है। आईआईए अध्यक्ष ने उद्योगों की समस्याएं भी बताईं। इसमें श्रम व अन्य विभागों की ओर से उद्योगों के निरीक्षणों से डर, जीएसटी विभाग की ओर से अव्यावहारिक नोटिस जारी करना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पर उचित कार्रवाई होगी। सीएम से मिलने वालों में अशोक अग्रवाल, दिनेश गोयल, अवधेश अग्रवाल व सतीश शर्मा भी थे।